प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.01.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को किया संबोधित, कहा–एनसीसी ने भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दी प्रेरणा।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गणतंत्र दिवस समारोह में झांकियों के विजेताओं को किया सम्मानित, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को मिला पहला स्थान।
- केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी दो दिवसीय बोकारो दौरे पर, 2150 TDP क्षमता वाले एयर सेपरेशन यूनिट का किया उद्‌घाटन।
- मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक, पीएम किसान समृद्धि केंद्र और जन औषधि केंद्रों को विकसित करने पर हुई चर्चा। और,
- पुरुष हॉकी इंडिया लीग में, श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना आज शाम ओडिशा के राउरकेला में वेदांत कलिंगा लांसर्स से होगा।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित किया। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता की झलक रही। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेटों ने भी परेड किया। मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनसीसी ने भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन में आयोजित बीटिंग रिट्रीट और एट होम समारोह में गणतंत्र दिवस समारोह के परेड, बैंड और झांकियों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। बीटिंग रिट्रीट के साथ ही 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का समापन हो गया। रांची के मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस पर आयेजित राज्यस्तरीय समारोह में निकाली गयी झांकियों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को पहला स्थान मिला। 11 आकर्षक और अलग–अलग थीम पर बनी झांकियों में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को दूसरा और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की झांकी को तीसरा स्थान मिला है। राजभवन में राजपुताना राइफल्स 11वीं बटालियन, जम्मू कश्मीर लाइट इन्फेंट्री बटालियन, जैप वैन, कस्तूरबा गांधी बालिका विदयालय कांके और विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल धुर्वा के बैंड डिस्प्ले ने सभी आमन्त्रित अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया।

******************

संयुक्त संसदीय समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक को 14 बदलावों के साथ मंजूरी दी है। समिति ने 44 संशोधनों पर चर्चा की और विपक्षी संशोधनों को वोटों के अभाव में खारिज कर दिया। जेपीसी को बजट सत्र में अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। मौके पर भाजपा सांसद और जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि विपक्ष के सुझाये हुए संशोधनों पर भी मतदान हुआ, लेकिन समर्थन नहीं मिला।

******************

दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचे केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने बोकारो स्टील प्लांट का भ्रमण किया और 2150 TDP क्षमता वाले एयर सेपरेशन यूनिट का उद्‌घाटन किया। साथ ही उन्होंने संयंत्र की मुख्य इकाइयों का निरीक्षण किया और संयंत्र की उत्पादकता बढ़ाने के लिए इसके महत्व पर जोर दिया। कल वे सेल की कोलियरी चासनाला का भी दौरा करेंगे।

******************

राजधानी रांची में आज मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने सहकारिता क्षेत्र को राज्यहित में विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में 1270 लैम्पस–पैक्स

के ऑनलाइन होने और बाकी 230 को 31 मार्च तक कंप्यूटरीकृत करने का लक्ष्य रखा गया। लैम्पस–पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र और जन औषधि केंद्रों में विकसित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के सचिवों और अधिकारियों ने भाग लिया।

******************

रांची पुलिस ने कोयला व्यापारी अभिषेक कुमार सिंह हत्या कांड में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने रांची में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर एसआईटी का गठन कर 72 घंटे के भीतर हत्याकांड का खुलासा किया।

******************

खूंटी में जेएसएलपीएस और डीडीयू–जीकेवाई द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन हुआ, जिसमें 18 से 35 वर्ष के युवाओं ने कई कंपनियों में आवेदन दिया। मौके पर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित युवाओं को जॉब लेटर प्रदान किए गए। स्थानीय विधायक रामसूर्या मुंडा ने मेला की सराहना करते हुए युवाओं को रोजगार का लाभ उठाने की अपील की।

******************

कोडरमा जिले में बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए ट्रैफिक थाना खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजा गया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में वेव्स बाज़ार, वाह उस्ताद चैलेंज और वेव्स अवॉर्ड्स का शुभारंभ किया।

******************

पुरुष हॉकी इंडिया लीग में आज राउरकेला में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से जारी है, जबकि एक और मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और वेदांत कलिंगा लांसर्स आमने–सामने होंगे। यह मैच रात आठ बजकर 15 मिनट से खेला जाएगा।

*******समाप्त*******